## हाईवे पर टकराए दो ट्रक, सीट व स्टेयरिंग के बीच फंसा चालक

**ललौरीखेड़ा।** हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार हादसों का सबब बनी हुई है। रविवार को बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर हाईवे पर ट्रक पलटने से घंटों जाम लगा रहा था। इसके अगले दिन सोमवार को एक और हादसा हो गया। दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत होने के बाद एक चालक स्टेयरिंग और सीट के बीच फंस गया। उसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करते हुए रोकथाम के लिए सुधार कार्य कराने पर जोर दिया जा रहा है। चालकों को नियम पालन के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। हालांकि धरातल पर वाहनों की तेज रफ्तार हादसे का सबब बनी हुई है। बरेली हरिद्वार नेशनल हाईवे पर जहानाबाद क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक पलटने से छह घंटे तक जाम लगा रहा था। इसमें राहगीर घायल होने से बच गए थे। सोमवार सुबह उत्तराखंड से शाहजहांपुर के बंडा पुवायां इलाके में जा रहा रेत लदा ट्रक अप्सरा नदी पुल के नजदीक पहुंचते ही दूसरे ट्रक से टकरा गया। हादसे में रेत लदे ट्रक का चालक शाहजहांपुर के बंडा निवासी जसपाल सीट और स्टेयरिंग के बीच में फंस गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए।

# पीटीआर की महोफ रेंज में मिला तेंदुआ का शव, मची खलबली

## गश्त के दौरान वन कर्मियों ने देखा मृत तेंदुआ, उप प्रभागीय वनाधिकारी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में वन कर्मियों ने गश्त के दौरान एक तेंदुआ का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना देने पर वन अफसरों में खलबली मच गई। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने टीम के साथ जाकर मौका मुआयना किया। तेंदुआ की मौत कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए पशु चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पीटीआर में बाघों के साथ तेंदुओं की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। संख्या बढ़ने से कुछ तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्रों में जा रहे हैं। इससे इंसानों के साथ तेंदुओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। पिछले एक पखवाड़ा से पीटीआर के तेंदुआ आबादी क्षेत्रों में देखे जाने से मामला सुर्खियों में है। सोमवार को पीटीआर की महोफ रेंज में कुछ वनकर्मी गश्त कर रहे थे। उसी दौरान रेंज की कंपार्टमेंट खकरा-15 में वन कर्मियों ने एक तेंदुआ का शव


महोफ रेंज में पड़ा तेंदुआ का शव।

- पशु चिकित्सकों का पैनल गठित कर कराया जाएगा पोस्टमार्टम

पड़ा देखा। वन कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना विभाग के अफसरों को दी। सूचना मिलते ही पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान टीम के मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इसके बाद टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। वन अफसरों के मुताबिक तेंदुआ का शव ज्यादा पुराना नहीं है। तेंदुआ की मौत किस कारण हुई इसका खुलासा पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद पता चल सकेगा।

### इस साल अब तक मिल चुके हैं तीन शव

इस साल अब तक तीन तेंदुआ की मौत हो चुकी है। इससे पहले दो फरवरी को गजरौला थाना क्षेत्र में भूड़ा सरैंदा गांव में नाले के नजदीक मादा तेंदुआ (शावक) का शव मिला था। उसकी किसी वाहन की टक्कर लगने से मौत होने की आशंका जताई गई थी। इससे पहले एक जनवरी को जंगल से दूर बरखेड़ा थाना क्षेत्र के जारकलिया गांव में सड़क पर तेंदुआ का शव मिला था। किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने की वजह से तेंदुआ की मौत हुई थी। तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया था।

महोफ रेंज में गश्त के दौरान एक तेंदुआ का शव मिला है। शव को कब्जे में लेकर सुरक्षित किया गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा गठित पैनल के द्वारा तेंदुआ का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद ही तेंदुआ की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। - **रमेश चौहान** उप प्रभागीय वनाधिकारी

# चार साल में जर्जर होने लगीं पानी की टंकियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर पालिका में बना ओवरहैड टैंक में आई खराबी से सीधे दी जा रही पानी की सप्लाई
- कई जगह गंदे पानी की आ रहीं शिकायतें, नहीं हो रहा समस्या का समाधान

**अमृत विचार :** कुछ साल पहले अमृत योजना से बना पानी का ओवरहैड टैंक जर्जर होने लगा है। बताते हैं कि अधोमानक ओवरहेड पानी के टैंक को हैंडओवर कर दिया गया था, जो अब मुसीबत बन रहा है। आए दिन कोई न कोई खराबी सामने आ रही है। कभी लाइन लीकेज की समस्या आ रही है, तो कभी कुछ और। ऐसी ही स्थिति नगरपालिका कार्यालय में बने पानी के ओवर हेड टैंक की है। जिस वजह से नगरपालिका को वहां दोबारा से उसकी मरम्मत करानी पड़ रही है। यहां से दी जाने वाली पानी की सप्लाई को भी दूसरी लाइन से शिफ्ट किया गया है।

शासन की ओर से वर्ष 2018 में घर-घर तक पानी की सप्लाई पहुंचाने के लिए अमृत योजना 1.0 की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत शहर में 12096 मकानों में पानी की सप्लाई पहुंचाई जानी थी। जिसके लिए 36.30 करोड़ का बजट दिया गया था। इसमें ओवरहैड टैंक और 69.33 किलोमीटर नई पानी की पाइप लाइन बिछाई जानी प्रस्तावित हुई थी। इसके अलावा ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन और घरों में कनेक्शन


नगर पालिका परिसर में लगे ओवरहेड टैंक की मोटर चेक करते कर्मचारी।

होने थे, लेकिन कार्यदायी संस्थाओं ने सांठगांठ के चलते कुछ एरिया में तो नई लाइन डाल दी। शेष एरिया में पहले से बिछी हुई पुरानी लाइन से ही कनेक्शन जोड़ दिए थे। जिस वजह से पूर्व में नई लाइन में प्रेशर अधिक होने के कारण पुरानी लाइन डैमेज होने की शिकायतें लगातार सामने आई थी। जिससे कुछ हद तक नगरपालिका ने सुधार लिया तो अब ओवरहैंड टैंक जर्जर होने लगे हैं। नगरपालिका कार्यालय में ओवरहेड टैंक का संचालन होने के कुछ साल बाद ही वह लीकेज होना शुरू हो गया।

जगह- जगह से ओवरहेड टैंक में प्लास्टर भी टूटकर गिरना शुरु हो गया है। वहीं पानी भी लीकेज हो रहा है। बताते हैं कि पानी के खाली टैंक में गैस बनने लगती है। साथ ही मोटर के बाल के पास का एरिया ओपन होने का कारण मोटर में भी आए दिन खराबी आ रही है। जिसकी अब नगरपालिका की ओर से मरम्मत कराई जा रही है। बीते सप्ताह भर से इस ओवरहेड टैंक में नगरपालिका की ओर से काम कराया जा रहा है। वहीं कई जगह लाइन लीकेज की समस्या होने पर लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंचने की शिकायतें भी मिल रही है। बीते दिनों देशनगर मोहल्ले में एक घर में गंदा पानी के साथ कीड़े भी निकले थे। जिस को लेकर नगरपालिका की जमकर फजीहत हुई थी। हालांकि नगरपालिका के अफसरों का दावा है कि लाइन को ठीक करा दिया गया है।

ओवरहेड टैंक की सफाई कराई जा रही है। साथ ही कुछ जगह से टूट फूट हो गई है। जिससे ठीक कराया जा रहा है। ताकि शहरवासियों को पानी की सप्लाई में दिक्कत न होने पाए।
- **तारिक हसन खां**, जलकल प्रभारी नगरपालिका पीलीभीत

## कब्जा हटाने पहुंची राजस्व टीम, सीमांकन कर लौटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टनकपुर हाईवे स्थित एक निजी स्कूल के मालिकों पर चकरोड कब्जाने का आरोप
- प्रधानाचार्य बोलीं- बिना नोटिस दिए राजनीतिक दबाव में की जा रही कार्रवाई

**अमृत विचारः** एक निजी स्कूल का गेट ध्वस्त करने गई राजस्व टीम विरोध के बाद सीमांकन करने के बाद बैरंग लौट गई। टीम का कहना है कि अवैध कब्जे को चिह्नित कर दिया गया है। स्कूल प्रबंधन खुद अवैध कब्जा हटाएगा। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने बिना कोई नोटिस दिए दबाव में कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

नायब तहसीलदार हरिशंकर पटेल, कानूनगो लोकेश गंगवार, लेखपाल सौरभ गंगवार टीम के साथ टनकपुर हाईवे पर कचहरी के आगे स्थित ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचे। टीम जेसीबी साथ लेकर गई थी। टीम के मुताबिक बीते माह स्कूल प्रबंधन पर चकरोड कब्जा करने का आरोप लगाने की शिकायत प्रशासन के पास पहुंची थी। इस मामले में नोटिस स्कूल प्रबंधन को दिया जा चुका है। मगर अभी तक अवैध कब्जे को हटवाया नहीं गया है। सोमवार को टीम अवैध कब्जा हटाने पहुंची थी।

स्कूल प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने राजस्व टीम का विरोध किया। उनका कहना था कि स्कूल का भवन 2014 में बनना शुरू हुआ था, जो 2016 में तैयार हुआ। उन्होंने चकरोड कब्जा करने की बात से इनकार किया। उनका कहना था कि गलत तरीके से उन पर दबाव बनाया जा रहा है। बिना कोई नोटिस के अचानक जेसीबी के साथ राजस्व टीम आ गई। कुछ जिम्मेदारों पर भी संगीन आरोप लगाए। इसके बाद टीम स्कूल की छुट्टी होने का इंतजार करती रही। जब छुट्टी के बाद बच्चे चले गए तो टीम कार्रवाई करने की तैयारी कर रही थी। मगर विरोध के चलते टीम बैकफुट पर आ गई। इसके बाद काफी देर तक मौके पर भीड़ जमा रही। राजस्व टीम चकरोड कब्जा करने की बात कहती रही, जबकि स्कूल प्रबंधन इसे नकारता रहा। कानूनगो ने बताया कि मौके पर टीम ने सीमांकन किया है, जिसमें चकरोड की जगह चिह्नित कर दी गई है। स्कूल प्रबंधन खुद ही इसे हटवाएगा।

# शिफ्ट नहीं हुए बिजली के पोल व तार, फ्लाईओवर निर्माण कार्य धीमा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** असम हाईवे चौराहे पर यातायात सुगम बनाने के लिए शासन-प्रशासन फ्लाईओवर निर्माण जल्द पूरा होने का दावा कर रहे हैं। करोड़ों रुपये की लागत के इस प्रोजेक्ट में एक सरकारी महकमा रोड़ा बना हुआ है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य जून 2024 तक पूरा होना है। मगर पॉवर कारपोरेशन द्वारा बिजली लाइन व पोल शिफ्टिंग का कार्य पूरा न किए जाने से फ्लाईओवर का कार्य तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। कार्यक्षेत्र में ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों से कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को हादसे का डर सता रहा है। हालांकि कार्यदायी संस्था को बिजली के तार व पोल जल्द हटने का इंतजार है। ताकि फ्लाईओवर का निर्माण तेजी से पूरा किया जा सके।

शहर में नौगवां फ्लाईओवर के बाद असम चौराहा (बांसुरी चौक) पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए यहां फ्लाईओवर की मांग लंबे समय से उठ रही थी। शासन ने वर्ष 2022 में असम हाईवे पर फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी दी थी। इसके निर्माण का जिम्मा भारतीय


असम चौराहे पर गर्डर लांच करने की तैयारी। • अमृत विचार


टाइगर तिराहा से तेजी से किया जा रहा कार्य। • अमृत विचार

### तीन सेगमेंट का कार्य लगभग पूरा

प्रोजेक्ट के जुड़े अधिकारियों के मुताबिक फ्लाईओवर निर्माण में 126 गर्डर रखे जाने हैं। जिसमें अभी तक करीब 40 गर्डर लांच किए जा चुके हैं। बरेली की ओर से फ्लाईओवर के तीन सेगमेंट की छत संबंधी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पूरनपुर की ओर से गर्डर लांच करने में बिजली पोल एवं लाइन आड़े आ रही है।

- जून 2024 में पूरा होना है काम अब तक 126 में से महज 40 गर्डर हो सके लांच
- कार्यदायी संस्था को पोल और एचटी लाइनों से हादसे का डर अफसर नहीं ध्यान दे रहे
- शहर के असम चौराहे पर 99.52 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है फ्लाईओवर

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपा था। कार्यदायी संस्था ने करीब दो साल पहले ओवरब्रिज का निर्माण शुरू किया था। इसमें पहले अतिक्रमण रोड़ा बना रहा। इसके बाद बिजली की लाइन बीच में आने से काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। हालांकि संबंधित क्षेत्र से गुजर रही बिजली की लाइन को हटाया गया तो काम की शुरूआत की गई। पिलर का काम पूरा होने के बाद बरेली की ओर से गर्डर रखने का काम शुरू किया गया। इसके साथ ही पूरनपुर की ओर से पिलर का काम पूरा होने के बाद गर्डर लांच करने का काम भी शुरू कर दिया गया। मगर यहां बिजली लाइन और पोल एक बार फिर काम में रोड़ा बन गए। पॉवर कारपोरेशन के अधिकारियों को बिजली लाइन एवं पोल शिफ्टिंग करने को कहा गया, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

पिछले दिनों डीएम संजय कुमार सिंह ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया तो निर्माण में बाधा बनी बिजली लाइन व पोल पावर कार्पोरेशन के अधिशासी अभियंता से नाराजगी जताते हुए तत्काल शिफ्टिंग कराने के निर्देश दिए थे।

बताते हैं कि डीएम के निर्देश पर एक दिन तो बिजली लाइन शिफ्टिंग कार्य तेजी से शुरू हुआ, लेकिन अगले दिन ही मामला सुस्त हो गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों की मानें तो पावर कार्पोरेशन का करीब 40 फीसदी कार्य अभी अधूरा है। पावर कार्पोरेशन की सुस्त कार्यशैली के चलते ही प्रोजेक्ट कार्य पिछड़ता जा रहा है।

### 650 मीटर लंबा बन रहा फ्लाईओवर

असम चौराहे पर 650 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। 99 .52 करोड़ की लागत से बनने वाले इस फ्लाईओवर के दोनों ओर 210 मीटर लंबी एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। बिजली लाइन की शिफ्टिंग न होने से एप्रोच रोड का काम भी अधर में लटका चल रहा है।


फ्लाईओवर के निर्माण में रोड़ा बना बिजली का पोल। • अमृत विचार

फ्लाईओवर निर्माण में बिजली पोल एवं लाइनें आड़े आ रही है। जिसके चलते कार्य तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। टाइगर तिराहा से असम चौराहे की ओर गर्डर रखने का काम तेजी से चल रहा है। तीन सेगमेंट का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बिजली लाइन व पोल शिफ्टिंग होने के बाद कार्य तेजी से शुरू कराया जाएगा।
- **सुमन कुमार**, डीपीएम कार्यदायी संस्था

## निरीक्षण में दर्ज स्टॉक से कम मिला राशन, आढ़त का लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आढ़ती ने नोटिस का संतोषजनक नहीं दिया जवाब, मंडी सचिव ने की कार्रवाई
- मंडी प्रभारी के निरीक्षण में मिली थी अनियमितता

**अमृत विचारः** पोर्टल पर दर्ज स्टॉक से कम गेहूं-धान मिलने पर एक फर्म का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। फर्म संचालक के संतोषजनक जवाब न देने पर यह कार्रवाई मंडी सचिव ने की है। संचालक को फर्म पर भंडारित स्टॉक का 15 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

उप मंडी स्थल अमरिया के प्रभारी ने पिछले माह शाईन इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पोर्टल पर दर्ज स्टॉक और मौके पर मिले गेहूं-धान में अंतर पाया गया। फर्म के द्वारा पोर्टल पर 188 क्विंटल गेहूं दर्ज किया था, जबकि मौके पर मात्र 130 क्विंटल गेहूं पाया गया। वहीं पोर्टल पर धान 33.40 क्विंटल दर्ज था, जबकि मौके पर मात्र आठ क्विंटल ही पाया गया। स्टॉक से कम गेहूं-धान मिलने पर फर्म संचालक महेंद्र सिंह को नोटिस भेज सप्ताह भर में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए। दो मई को फर्म संचालक ने अपना जवाब दाखिल करते हुए बताया कि फर्म द्वारा नमीयुक्त धान खरीदा गया था तब उसका वजन अधिक था। पोर्टल पर उतने ही वजन की मात्रा अंकित की गई। फर्म द्वारा कुछ धान-गेहूं फुटकर बिक्री करने की बात कही गई, लेकिन ऑनलाइन नाइन आर जारी न हो पाया गया। फर्म संचालक द्वारा संतोषजनक जवाब न देने पर मंडी सचिव अशोक कुमार ने लाइसेंस निलंबित कर दिया।

### आज से होगा राशन वितरण

**पीलीभीत।** जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि फ्री राशन वितरण की तारीख आ गई है। फ्री राशन वितरण 14 मई से 29 मई तक होगा। इस बार बाजरा वितरण समाप्त कर दिया गया है। उसके स्थान पर गेहूं का वितरण होगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं, तीन किग्रा चावल निशुल्क वितरित किया जाएगा।

**दिक्कत** बारिश का को लेकर गरीबों को सताने लगी घर टपकने की चिंता, कई बार गुजारिश करने पर भी अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया ध्यान

# भटकते-भटकते आधा जीवन गुजरा पर नहीं मिला पक्का मकान

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार ने पहले इंदिरा आवास योजना चलाई थी। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है। मगर जनपद के तमाम गरीबों के लिए दोनों योजनाएं बेमानी साबित हुईं। पिछले कई दशक से झोपड़ी और छप्पर में गुजारा करने के बावजूद उन्हें सरकारी मदद नहीं मिली। गर्मी के बाद बारिश का आएगा। मगर इन गरीबों को बरसात की चिंता अभी से सताने लगी है।

आवासीय योजनाओं से लाभान्वित होने वालों का आंकड़ा प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से आए दिन सरकार की उपलब्धियों के तौर पर गिनाया जाता है। आवासीय योजना में पात्रों को दरकिनार कर अपात्रों को लाभ दिए जाने की शिकायतें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के पास पहुंचती हैं। बीते माह बरखेड़ा ब्लॉक में तैनात रहे एक बीडीओ पात्र को अपात्र घोषित कर आवास योजना से वंचित करने के आरोप में फंसे थे, जिससे उन्हें निलंबन कर दिया था। कई ग्राम सचिवों पर भी इस तरह की कार्रवाई हो चुकी है। बावजूद इसके कई पात्र अभी भी आवास की आस लगाए हैं। आने वाले दिनों में मानसून की दस्तक होगी। झोपड़ी और छप्पर में गुजारा करने वाले परिवारों के लिए बारिश मुसीबत लेकर आएगी। मगर इन गरीबों की समस्या को सुनने और समझने वाला कोई नहीं है।

### पक्का घर बनाने के लिए दो दशक से भटक रहे हैं श्रीकेशन मौर्य

सिकरहना गावं के रहने वाले श्रीकेशन मौर्य मजदूरी करते हैं। वह पत्नी सोनकली और बच्चों समेत छप्पर वाले घर में रहते हैं। उनके पास मात्र दो बीघा जमीन है। चार बेटियां हैं। किसी तरह तीन बेटियों के हाथ पीले कर सके। श्रीकेशन का कहना है कि उनका सारा जीवन छप्पर और त्रिपाल के नीचे गुजर गया। वह पिछले दो दशक से आवास योजना का लाभ पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। मगर आवास योजना का लाभ नहीं मिला। उनका कहना है कि प्रधान किसी बात को लेकर विरोध मानते थे। इस वजह से पात्र होने के बाद भी अपात्र हो गए।


इस तरह त्रिपाल डालकर गुजर करत रहे सहत श्रीकेशन मौर्य। • अमृत विचार

### छप्पर में रहने को मजबूर है कांति कश्यप का परिवार


इसी छप्परपोश घर में गुजर कर रहीं हैं कांति कश्यप व उनका परिवार।

घुंघचिहाई कस्बे की कांति कश्यप व उनके पति रामू मजदूरी करते हैं। उनका कहना है कि कई बार अफसरों व जनप्रतिनिधियों को पक्का आवास न होने पर आ रही दिक्कतों के बारे में बताया, लेकिन उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि दुग्धाधारी मंदिर के पास छप्परपोश घर में रहती हैं। उनके एक पुत्र है। कई बार पूर्व और वर्तमान प्रधान से आवास के लिए गुहार लगाई। मगर योजना का लाभ नहीं मिला। अब तो आस भी टूटती जा रही है। उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। शंति का कहना है कि मकान छोड़िए अभी तो शौचालय भी नहीं बना है।













परीक्षा परिणाम आने पर स्प्रिंगडेल कॉलेज में उत्साह जाहिर करते बच्चे। ● अमृत विचार



सीबीएसई का रिजल्ट आने पर खुशी जाहिर करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# 10वीं में लिटिल एंजिल्स स्कूल के उज्ज्वल और 12वीं में बेनहर के आकर्ष अग्रवाल जिला टॉपर

## टॉपटेन सूची में बेनहर के 22 व लिटिल एंजिल्स के नौ बच्चों ने बनाई जगह, सेंट एलॉयसियस ने भी खोला खाता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की ओर से सोमवार को परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम आते ही छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। सुबह को पहले 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया। इसके बाद 10वीं का रिजल्ट शाम चार बजे के बाद जारी हुआ। इसमें 12वीं में बेनहर पब्लिक स्कूल के आकर्ष अग्रवाल ने 98.60 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया। वहीं, 10वीं में लिटिल एंजिल्स स्कूल के छात्र उज्ज्वल शर्मा ने 99 फीसदी अंक पाकर जिला टॉप किया। छात्र-छात्राओं ने कई विषयों में शतक भी लगाया है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक और गुरुजनों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। अधिकांश स्कूलों में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

जिले में इस बार लिटिल एंजिल्स स्कूल, सेंट एलायसिस कॉलेज, बनेहर कॉलेज, लायंस बाल विद्या मंदिर कॉलेज, सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज, स्वामी एजुकेशनल कॉलेज, अकाल अकादमी और बीसलपुर कैम स्कॉलर स्कूल समेत 16 कॉलेजों के 12वीं की परीक्षा में कुल 1708 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। 19 फरवरी से परीक्षा आरंभ होकर दो अप्रैल तक चली थी। कुल 1676 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 32 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों को बेसब्री से रिजल्ट का इंतजार था,जो सोमवार को खत्म हो गया। सीबीएसई की बेवसाइट पर सुबह 12 बजे 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद कॉलेजों में बच्चों की भीड़ उमड़ना



बेनहर कॉलेज में लैपटॉप पर रिजल्ट देखते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



रिजल्ट आने के बाद लिटिल एंजिल्स स्कूल में अपने सहपाठियों के साथ सेल्फी लेती छात्रा। ● अमृत विचार

- मेधावियों ने कई विषय में लगाया शतक, परिवार और शिक्षकों में खुशी का माहौल

शुरू हो गई। इधर, शिक्षक और कॉलेज प्रशासन की पूरी टीम रिजल्ट निकालने में जुट गई।

12वीं में बेनहर पब्लिक स्कूल के छात्र आकर्ष अग्रवाल जिला टॉपर रहे। इसके अलावा 12वीं में इसी कॉलेज की कलिका अग्रवाल 98.40 दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि अनिरूद्ध शर्मा और रिया गंगवार ने 98 फीसदी अंक पाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो बेनहर कॉलेज के ही हैं। पिछली बार की तरह इस बार भी बेनहर कॉलेज का 12वीं में दबदबा रहा। हालांकि साइंस वर्ग में लिटिल एंजिल्स स्कूल के छात्र भानु प्रताप सिंह ने सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं।

सोमवार को अपराह्न तीन बजे के बाद 10वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। फिर आनन-फानन में कॉलेज प्रशासन ने 10वीं के छात्र-छात्राओं को कॉलेज बुलाया। इस बार 10वीं की परीक्षा में कुल 2167 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं 2146 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। दोपहर बाद आए परीक्षा को जाने के लिए परीक्षार्थी इंतजार करते रहे। फाइनल परीक्षा परिणाम में जहां 12वीं में बेनहर कॉलेज और 10वीं में लिटिल एंजिल्स स्कूल का दबदबा रहा।10वीं में उज्ज्वल शर्मा ने जिला टॉप किया। इनके अलावा इसी कॉलेज के ही छात्र विवेक अनंत ने 98.60 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा और बीसलपुर के जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र अथर्व त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि तीसरे स्थान पर 97.80 फीसदी अनर्व उपाध्याय का कब्जा रहा। हालांकि जिले की टॉपटेन सूची में 12वीं में सिर्फ ईशर एकेडमी के छात्र ऐशदीप कौर ने 97 फीसदी अंक पाकर सातवां स्थान और सेंट एलॉयसिस कॉलेज की छात्रा अनन्या सिं ने 96.60 फीसदी अंक पाकर नवां स्थान हासिल किया है। अन्य कॉलेज इस बार टॉपटेन में अपनी जगह नहीं बना सके। परीक्षाफल आने के बाद टॉपर मिलने के बाद खुशी का ठिकाना न रहा। जिसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

### यह शिक्षकों की मेहनत व बच्चों की लगन का नतीजा है



सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हमारी तरफ से शुभकामनाएं हैं। कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। यह सब शिक्षकों की मेहनत और बच्चों की पढ़ाई में लगन का नतीजा है। रिजल्ट को लेकर अभिभावक और सभी मेधावियों को बधाई। अगर, आत्मविश्वास और लगन है तो कोई भी मुकाम दूर नहीं होता है। सभी इसी तरह मेहनत करते रहे। मुकाम मिलता रहेगा।

**- परविंदर सिंह सैहमी, प्रबंधक,** बेनहर पब्लिक स्कूल।



परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी मनाते बच्चे और प्रिंसिपल। ● अमृत विचार

### शत प्रतिशत रहा बेनहर कॉलेज का रिजल्ट

इस बार सीबीएसई बोर्ड में बेनहर कॉलेज का 12वीं और 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस बार कॉलेज में 10वीं कक्षा में 267 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें 251 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोई भी छात्र-छात्रा फेल नहीं हुआ। जिसमें 95 फीसदी में 20 बच्चे, 90 फीसदी में 84, 85 फीसदी में 119, 80 फीसदी में 159, 70फीसदी में 210 और 60 फीसदी में 251 बच्चों ने अंक हासिल किए। इसी तरह 12वीं में कुल 244 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। जबकि 236 प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 95 फीसदी अंक पाने वाले मेधवियों की संख्या 24 रही। तो वहीं 90 फीसदी में 74 बच्चे, 85 फीसदी में 104 बच्चे, 80 फीसदी में 155 बच्चे, 70 फीसदी में 199 बच्चे और 60 फीसदी में 236 बच्चे पास हुए। कॉलेज प्रबंधक परविंदर सैहमी, रंजीत सैहमी, गुरुदत्त सैहमी, करिश्मा सैहमी, नितिन कौशिक, प्रेम गंगवार ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। इसके अलावा बेनहर गुरुकुल का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

### इस बार का सबसे बेहतर रहा रिजल्ट



इस बार का रिजल्ट सबसे बेहतर रहा। 10वीं और 12वीं के सभी उत्तीर्ण हुए छात्रों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने अपने साथ-साथ स्कूल, जिले और माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस बार कालेज में 12वीं और 10वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। बेटे उज्जवल शर्मा ने जिला टॉप कर परिवार के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। यह सब अध्यापकों और अभिभावकों की मेहनत का नतीजा है।

**- डा. संजीव अग्रवाल,** प्रबंधक, लिटिल एंजिल्स स्कूल



रिजल्ट आने के बाद शिक्षकों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

## ईश्वर अकेडमी की ऐशदीप रहीं तहसील टॉपर



ऐशदीप कौर।



आर्यन मल्होत्रा।



कीरत प्रीत कौर।

- सेंट जोसेफ के आर्यन मल्होत्रा को मिले 95 फीसदी अंक

**पूरनपुर, अमृत विचार:** नगर में पीलीभीत रोड स्थित ईशर अकादमी की 12वीं की छात्रा ऐशदीप कौर 97 फीसदी अंक पाकर तहसील टॉपर रहीं। सेंट जोसेफ स्कूल के आर्यन मल्होत्रा 95.6 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि तीसरा स्थान लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कीरतप्रीत कौर ने 95.4 फीसदी अंक पाकर प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने भी खुशी जताई।

परीक्षा परिणाम घोषित होने की जानकारी लगते ही बच्चे स्कूल पहुंच गए और उत्सुकतावश परिणाम का इंतजार करने लगे। तहसील में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली ऐशदीप कौर ने इतिहास विषय में 100, भूगोल में 99, अर्थशास्त्र में 95 और अंग्रेजी में 93 फ़ीसदी अंक प्राप्त किए हैं। तहसील में टॉप रहने पर स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दी। इसके अलावा हाई स्कूल में अकाल अकादमी कजरी के गुरजोत सिंह भी 97 फ़ीसदी अंक पाकर तहसील में टॉप पर रहे। आरएसआरडी की देवांशी रस्तोगी 94.2 फीसदी अंक पाकर दूसरे और सेंट जोसेफ की कृशागी शुक्ला 53.5 फीसद अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं।

## ज्ञान इंटरनेशनल में यथार्थ और शगुन बने कॉलेज टॉपर



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा परिणाम देखने के बाद खुश नजर आए बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- विद्यालय का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम, बच्चों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई

**अमृत विचार:** सीबीएसई 10वीं व 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं में यथार्थ जायसवाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, तेजस प्रताप सिंह ने 91.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय और 90.4 प्रतिशत अंक पाकर अनिकेत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जबकि हर्षित गंगवार 89.4, अंक प्राप्त कर चतुर्थ और प्रियांशी 89 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

संगीत विषय में झलक और जतिन ने 100 में 100 अंक, यथार्थ ने अंग्रेजी विषय में 96 अंक, रसायन विज्ञान में अनिकेत ने 96 अंक, तेजस और हर्षित ने भौतिक विज्ञान में 95 अंक, और जीव विज्ञान में जतिन ने 95 अंक, गणित विषय में तेजस एवं अनिकेत ने 95 अंक, अर्थशास्त्र में सरिता मौर्य ने 95 अंक, शारीरिक शिक्षा में मोहम्मद अयान ने 93 अंक , व्यवसाय अध्ययन में मोहम्मद कैफ ने 91 अंक प्राप्त किए। 10 वीं में शगुन गंगवार ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, उदय मिश्रा ने 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय, 95 प्रतिशत अंक पर सार्थक पाल तृतीय, 94 प्रतिशत अंक वाले प्रियांशु वर्मा चतुर्थ और अभिजीत पाण्डेय 93.6 प्रतिशत अंक पाकर पांचवें स्थान पर रहे। सामाजिक विज्ञान में उदय मिश्रा , प्रियांशु ने 99, सार्थक पाल ने विज्ञान में 99, गणित में 97 और अंग्रेजी विषय में 96, शगुन गंगवार ने विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान में 98, आईटी में 98, हिन्दी में 98 अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसके पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परिणाम



रूपल प्रीत कौर। नवजोत कौर। मुस्कान अग्रवाल। सोना मेहरा।



सिमरन कौर। शरद कुमार सिंघल।

**मझोला।** एसके पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं और 12वीं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। 10 वीं के छात्र शरद कुमार सिंघल ने 97 .20 प्रतिशत, ऐशवीर कौर 96 .60, सिमरन कौर 93 .40, मनरोज सिंह 90 .20, आदर्श प्रजापति ने 89 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि 12वीं में रूपलप्रीत कौर 94 .00 प्रतिशत, नवजोत कौर 91 .40, मुस्कान अग्रवाल 90 .40, सोना मेहरा 90 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शरद बंसल ने बताया कि वह सिविल सेवा में जाना चाहते हैं। जबकि ऐशवीर कौर भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। रूपलप्रीत कौर भी सिविल सेवा में जाना चाहती है। प्रबंधक जगजीत सिंह ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंजीनियर बनना चाहता है जिला टॉपर उज्ज्वल शर्मा



बेटे उज्ज्वल को मिठाई खिलाते परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 10वीं में 99 फीसदी अंक पाकर किया जिला टॉप, बधाई देने वालों का घर में लगा तांता

**अमृत विचार :** लिटिल एंजिल्स स्कूल में 10वीं के छात्र उज्ज्वल शर्मा ने 99 फीसदी अंक पाकर जिले में पहला स्थान पाया है। बेटे की इस कामयाबी की जानकारी परिवार को नहीं थी, लेकिन जब स्कूल के शिक्षक अचानक मिठाई लेकर उनके घर पहुंचे तो जिला टॉप करने की बात सुनकर परिवार वाले खुशी से फूले नहीं समाए। घर में बधाई देने वालों का तांता लगना शुरू हो गया।

उज्ज्वल ने बताया कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि वह जिला टॉपर चुने गए हैं। यह उम्मीद से भी ज्यादा लग रहा है। इसका श्रेय उन्होंने अपने परिवार और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। उनका आगे सपना है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद इंजीनियरिंग की तैयारी करेंगे। शहर के छतरी चौराहा के पास रहने वाले इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी पंकज शर्मा के बेटे उज्जवल शर्मा लिटिल एंजिल्स स्कूल में 10वीं के छात्र हैं। उनकी मां ज्योति शर्मा गृहणी है। उज्जवल रिजल्ट आने से पहले स्कूल गए थे तो उन्हें यह नहीं पता था कि वह जिला टॉप कर चुके हैं। टॉपर की लिस्ट उस वक्त तक नहीं बनी थी। स्कूल में कुछ देर रुकने के बाद घर आ गए। जब फाइनल परिणाम निकाला गया है, तो उज्ज्वल शर्मा ने 500 अंक में 498 अंक पाकर जिला टॉप किया। इस खुशी को जानने के बाद स्कूल के शिक्षक उत्साह से फूले नहीं समाए। शिक्षक मिठाई लेकर छात्र उज्जवल के घर पहुंचे। मां ज्योति ने दरवाजा खोला तो शिक्षक ने बेटे के जिला टॉप करने की खुशखबरी उन्हें सुनाई। जिसे सुनकर वह खुशी से फूले नहीं समाई। पिता भी दुकान बंद कर घर आ गए। बेटे उज्जवल को गले लगा लिया। उज्जवल ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहते हैं। मैथ उन्हें कठिन लगती थी। जिसमें पूरे मन से तैयारी की थी। आगे भी इस तरह की तैयारी करेंगे।

### स्प्रिंगडेल कॉलेज में प्रिंसपाल सिंह और अज़मी नूर रहे टॉपर



अजमी नूर।



प्रिंसपाल सिंह।

**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सीनियर सेकेंड्री ( 12वीं ) के छात्र प्रिंसपाल सिंह ने 92 प्रतिशत, अनुष्का गंगवार 91 .2 , कशिश बाला 89, खुशीरमन 86, मोहम्मद अयान 86, लवी वर्मा 86, गुरप्रीत कौर 84, अनुभव भारद्वाज 83, हसन मुस्तफा 82 , कृष्णा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज की वरीयता सूची में स्थान बनाया। वहीं, सेकेंड्री ( 10वीं ) में अज़मी नूर ने 94 , कौशाम्बी मिश्रा 92, मौसम कुमारी 90 , अनुष्का यादव 87 .5, तान्या 87 .2, फैज खान 86 , भरत रामदास 85 .2, योगेश कुमार 83 .5, आदित्य प्रताप सिंह 81 .5, हरलीन कौर 81 .5 , आराध्य गोयल ने 81 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने छात्र - छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

### 12वीं की टॉपटेन सूची



आकर्ष अग्रवाल 98 .80 % बेनहर पब्लिक स्कूल | कलिका अग्रवाल 98 .40 % बेनहर पब्लिक स्कूल | अनिरूद्ध शर्मा 98 .00% बेनहर पब्लिक स्कूल | रिया गंगवार 98 .00 % बेनहर पब्लिक स्कूल



रितु मिश्रा 98 .00 %बेनहर पब्लिक स्कूल | इति गंगवार 97 .80 % बेनहर पब्लिक स्कूल | आन्या सिंह 97 .80 % लिटिल एंजिल्स स्कूल | शोभित भारती 97 .60 % लिटिल एंजिल्स स्कूल



भानु प्रताप सिंह 97 .40 % लिटिल एंजिल्स स्कूल | पाखी साहू 97 .00 % लिटिल एंजिल्स स्कूल | आयूषी सक्सेना 97 .00 % बेनहर पब्लिक स्कूल | श्रेया अग्रवाल 97 .00% बेनहर पब्लिक स्कूल



ऐशदीप कौर 97 .00 % ईशर एकेडमी | हर्ष जायसवाल 96 .80 % बेनहर पब्लिक स्कूल | महक अग्रवाल 96 .80 % बेनहर पब्लिक स्कूल | गौरी गोयल 96 .80% बेनहर पब्लिक स्कूल



अनन्या सिंह 96 .60 % सेण्ट एलॉयसिस कालेज | आर्यन रस्तोगी 96 .60 % बेनहर पब्लिक स्कूल | माधव अरोरा 96 .40 % बेनहर पब्लिक स्कूल | विराज अग्रवाल 95% लिटिल एंजिल्स स्कूल

## एक नजर

### महिला को चप्पल से पीटा दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव में महिला को चप्पल से पीटा गया। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल किया है। जिसमें दो लोग एक महिला को चप्पल से पीट रहे हैं। मामला सिविल लाइन क्षेत्र के गांव के एक परिवार का है। एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका सगे ताऊ ने उनके हिस्से की आठ बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। विरोध पर ताऊ अपने बेटे और पत्नी को लेकर उनके घर में घुस गया। उनकी पिटाई शुरू कर दी।

### नर्सिंग का उद्देश्य सेवा भावना हो व्यवसाय नहीं

**बदायूं:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने छात्र छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के संघर्ष एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कार्य नहीं मानव सेवाभाव है। प्रमुख अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार ने छात्रों को उपलब्ध विशेषज्ञ कोर्स के बारे में बताया। एनॉटमी विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्त्याज हुसैन, प्रोफेसर अनिल कुमार गुर्जर ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र विकास बाबू, श्वेता, स्मृति, एवं कनिष्का ने किया।

# सड़क दुघर्टनाएं रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं नागरिक

## हादसों पर प्रमुख सचिव परिवहन ने जताई चिंता, जागरूकता पर दिया जोर, अफसरों को कार्ययोजना में जीवन रक्षा को मूलरूप देने के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



संगोष्ठी को संबोधित करते प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू।


सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में योगदान देने पर इंतजार खान को सम्मानित करते पमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू और मौजूद अन्य अधिकारी।

**अमृत विचारः** प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने बढ़ती दुर्घटनाओं पर खासी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। इसके लिए सभी को चिंतन-मनन करने की आवश्यकता है। कहा कि कर्मयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रमुख सचिव परिवहन सोमवार को दोपहर बाद पीलीभीत पहुंचे। यहां पहुंचने पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट में डीएम एवं एसपी ने उनका स्वागत किया।

शहर के बेनहर कॉलेज में सोमवार को कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका पूर्व प्रमुख सचिव, डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पाण्डेय, मुख्य वक्ता रामकृष्ण गोस्वामी, उप परिवहन आयुक्त बरेली संजय सिंह, अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलित कर आरंभ किया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पूर्व में परिवहन विभाग ने रोड सेफ्टी क्लब की स्थापना की थी। इसका प्रभाव उतना नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। इसके लिए शिक्षक, अभिभावक समेत अन्य लोगों को मिलकर प्रयास करने होंगे। कर्मयोग की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे शास्त्र विशेष कर भागवत गीता ने जो चिंतन दिया, कर्मयोग उसी महाकाव्य का भाग है। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण की भावना से किया गया कार्य ही कर्मयोग है। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सड़क से पटरी ऊंची रखें, जंक्शन प्वाइंट को चौड़ा करें एवं ब्लैक स्पॉट पर संकेतक लगाए जाएं।

डीएम संजय कुमार सिंह ने संगोष्ठी में मौजूद अभिभावकों से कहा कि जो छात्र-छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वें अपने बच्चों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लें तब उन्हें बाइक या स्कूटी चलाने दें। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। मुख्यवक्ता भारत चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि कि सड़क सुरक्षा भी एक युद्ध है। इसमें सभी योद्धा बनकर कार्य करें। एसपी अविनाश पाण्डेय ने आग्रह किया कि यातायात नियमों का पालन पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए न करके अपने अनमोल जीवन को बचाने के उद्देश्य से करना चाहिए। दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा को उतारना होगा। डीआईओएस को स्कूलों में होने वाली प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

संगोष्ठी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, गामिनी सिंगला, बेनहर स्कूल की प्रशांति मिश्रा एवं श्रेष्ठ सैनी ने कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा पर अपने विचार रखे।

### कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले किए गए सम्मानित

प्रमुख सचिव परिवहन ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वालों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें गुड सेमेरिटन के रूप में चिकित्साधिकारी डॉ. आरएस गंगवार, डॉ. सुरभि, डॉ. सूरज पांडेय, यातायात पुलिसकर्मी शाहिर हुसैन, उपेंद्र कुमार, शैंकी शर्मा, एंबुलेंस चालक शिव सिंह, प्रमोद, अशोक कुमार, घायलों को अस्पताल पंहुचाने वाले सर्वेश कुमार, सोनू छीना, सौरभ पांडेय, रोड सेफ्टी चैंपियन अनिल महेंद्रु, डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, इंतजार खान, डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. अर्निका दीक्षित को सम्मानित किया।

### प्रशासनिक सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने लिया हिस्सा

संगोष्ठी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। इसमें राममोहन मीणा, आलोक प्रसाद, कुमार सौरभ, उत्कर्ष द्विवेदी, उत्सव आनंद, प्रफुल्ल शर्मा, रामेश्वर सब्बनवाड़, अभिनव जैन, सुनील धनवंता, दीक्षा, गामिनी सिंगला, श्रुति शर्मा, पूजा साहू और नेहा ब्याडवाल शामिल रहीं। इसके अलावा संभागीय परिवहन अधिकारी बरेली कमल गुप्ता, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बरेली दिनेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश चौधरी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार चौधरी, सीओ ट्रेफिक विधिभूषण मौर्य, गन्ना कृषक महाविद्यालय के प्राचार्य सुधीर शर्मा, एसएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद, राम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ओवर स्पीड से हो रहीं 50 प्रतिशत दुर्घटनाएं

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क़ दुर्घटना के कारण मुख्य सड़क एवं पटरी की ऊंचाई में काफी अंतर होने, टी-जंक्शन पर अतिक्रमण होने से अदृश्यता होना, वाहनों की अधिक गति, पेट्रोल पंपों के सामने मुख्य मार्ग पर अवैध कट होने, संकरी पुलिया, तीव्र मोड पर ओवर स्पीडिंग, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने आदि के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। ओवर स्पीडिंग से 50 प्रतिशत, कोहरा, रोड़ इंजीनियरिंग में कमी, वाहन में तकनीकी कमी, नींद या झपकी इत्यादि से 43 प्रतिशत दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई थी, लेकिन वर्ष 2024 में अप्रैल एवं मई में सड़क दुर्घटनाओं में खासी वृद्धि हुई है।

## प्रधानाचार्य समेत दो घरों से लाखों का सामान चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** चोरों के आगे जिले की पुलिस पस्त हो गई है। शहर के मोहल्ला चौबे निवासी अर्पित भारद्वाज का सिरसा रोड पर भारद्वाज कॉलोनी में भी मकान है। शनिवार रात उनके चौबे मोहल्ला वाले मकान पर बाबा खाटू श्याम का कीर्तन था। परिवार के लोग नए मकान पर ताला लगाकर पुराने मकान पर गए थे। कीर्तन के बाद देर रात परिवार के लोग घर लौटे तो ताला टूटा मिला। भीतर अलमारी का ताला भी टूटा था। नगदी और आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। वहीं चोरों ने शहर के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राजाराम इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अनीता सिंह के घर से चोरी की। उनके पति रामवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे वह घर पर ताला लगाकर टहलने गए थे। एक घंटे के बाद वापस आए। तो घर का ताला टूटा मिला। भीतर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाई और पूछा क्या हुआ जो सामान बिखरा पड़ा है। पत्नी ने कहा कि वह तो सो रही थीं। उन्हें नहीं पता क्या हुआ है। सामान देखा तो पता चला कि चोर अलमारी से रुपये, अनीता सिंह का मंगलसूत्र, सोने की चेन और कुंडल ले गए हैं।

# पिता की तरह डॉक्टर बनना चाहते हैं विवेक अनंत मिश्रा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


बेटे की कामयाबी पर मिठाई खिलाता परिवार ● अमृत विचार

● लिटिल एंजिल्स स्कूल के छात्र विवेक अनंत ने 98.6 अंक पाकर हासिल किया दूसरा स्थान

**अमृत विचार :** कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। तैयारी करों तो हर मंजिल आसन होती है। ऐसा कहना है विवेक अनंत मिश्रा का। जिन्होंने 10वीं में 98.6 फीसदी अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विवेक आगे अपने माता पिता की तरह डॉक्टर बनना चाहते हैं। इसलिए वह शुरु से ही अपनी मंजिल पर फोकस लेकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि दस घंटे पढ़ाई मत करो। लेकिन रोज बेहतर ढंग से एक से दो घंटे पढ़ो। सफलता जरुर हाथ आएगी।

शहर के मोहल्ला थान सिंह निवासी डॉ. अनिल कुमार मिश्र और उनकी पत्नी डॉ. गीता मिश्रा के बेटे विवेक अनंत मिश्र कक्षा 10 में लिटिल एंजिल्स स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। जिसका परिणाम सोमवार को जारी हुआ। विवेक ने 98.6 फीसदी अंक हासिल किया है। उन्हें मैथ में 100, सोशल स्टीड में 99, अंग्रेजी में 99, साइंस में 98, इंफर्मेमेशन टेक्नलॉजी में 100 अंक प्राप्त किए हैं। विवेक ने बताया कि वह शुरु से ही एक से दो घंटे पढ़ाई करते थे। जिसका परिणाम यह आया है। हिंदी हमेशा कठिन लगती थी।

जिसमें वह अपने माता पिता का पूरा सहयोग लेते थे। साथ ही उनके अभिनव मिश्रा भी उनकी पढ़ाई में मदद करते थे। उनका सपना है कि वह प्रारभिंक शिक्षा पूरी करने के बाद डॉक्टर की तैयारी करेंगे। खुद की मेहनत और मां की मदद से कलिका ने जिले में पाया दूसरा स्थान।

### बेनहर कॉलेज की छात्रा कलिका अग्रवाल ने जिले में पाया दूसरा स्थान

**पीलीभीत :** स्कूल की पढ़ाई, शिक्षकों की मदद, मां का स्नेह और सेल्फी स्टीड से बेनहर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा कलिका अग्रवाल ने जिले में दूसरा स्थान पाया है। कलिका ने 98.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उनका सपना है कि वह सिविल सर्विस की तैयारी कर देश की सेवा करना चाहती है। शहर के मोहल्ला शेर वाली मठिया की रहने वाली कलिका अग्रवाल के पिता विकास अग्रवाल की मृत्यु हो चुकी है। उनकी मां इस्मिता अग्रवाल बेनहर कॉलेज में शिक्षिका है। घर में उनकी मां स्मृति अग्रवाल, भाई धैर्य अग्रवाल और बहन ऐश्वर्या अग्रवाल रहती है। वह बचपन से ही बेनहर कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। सोमवार को जारी हुए परीक्षा फल में कालिका ने 98.4 फीसदी अंक हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कालिका को अंग्रेजी में 100, पॉलिटिकल साइंस में 100, हिस्ट्री में 99, सोशल साइंस में 99 और इकोनॉमिक्स में 95 अंक हासिल किए हैं। कालिका ने बताया कि सेल्फी स्टीड के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। स्कूल में पढ़ाई करने के बाद वह घर पर दो से चार घंटे रोजाना पढ़ाई करती थी। जिसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मददगार साबित हुआ। पढ़ाई में उनकी मदद मां स्मृति अग्रवाल ने मदद की। उनका सपना है कि वह देश की सेवा करें। इसलिए वह सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती है।

# महिला सिर्फ माता नहीं, परिवार की रीढ़ होती है

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



मातृत दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। ● अमृत विचार

● बच्चों ने धूमधाम से मनाया मातृ दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

**अमृत विचारः** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में सोमवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्थापिका सीमा दीक्षित, सनी दीक्षित, प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने संयुक्त रूप से शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि डॉ. रिचा वार्ष्णेय व रश्मि चौधरी रहीं।

छात्रों ने स्वागत गीत व मातृ दिवस को समर्पित नृत्य प्रस्तुत किया। माताओं ने रैंप पर कैटवॉक और नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि, कुछ महिलाओं ने कला प्रतियोगिता में भाग लिया। माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्थापक सीमा दीक्षित ने माताओं की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। माताओं के द्वारा परिवार के लिए त्याग समर्पण की भावना को सराहा। कहा कि महिला सिर्फ माता ही नहीं है, बल्कि वह परिवार की रीढ़ की हड्डी होती है। वह समय के आधार पर नहीं सिर्फ कर्तव्य, भावना, जिम्मेदारी के आधार पर सभी कार्य बिना किसी शिकायत के खुशी-खुशी करती हैं। बच्चों की प्रथम शिक्षक भी वही होती है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समा बांध दिया। इंटर हाउस लोक नृत्य प्रतियोगिता में अर्थ हाउस प्रथम, ओसियन हाउस द्वितीय, फायर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। संचालन अध्यापिका मोनिका, हेड गार्ड वैशाली और हेड ब्वाय सचिन वर्मा ने किया। इस मौके पर पारुल अग्रवाल, शिखा, कुसुम, आरती शर्मा, प्रिया गुप्ता, कविता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## 10वीं की टॉपटेन सूची


उज्ज्वल शर्मा- 99% लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


विवेक 98.60 % लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


अथर्व 98.60 % जवाहर नवोदय विद्यालय बीसलपुर


अनर्व 97.80 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


संस्कृति गुप्ता 97.60 % - कैम स्कालर बीसलपुर


निपुण 97.60 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


अनुष्का 97.20 % लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


अच्युत 97.20% लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


नेहा - 97.00% बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


मोनिका 96.80 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


श्रुति गोयल 96.80 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


हर्निया 96.80 % लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


सानिया नूरी 96.80% सेंट एलॉयसिस कॉलेज पीलीभीत


नैतिक 96.60 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


सलोनी सिंह 96.40 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


अनिका वाष्णेय 96.40% लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


तान्या वर्मा 96.20 % बेनहर पब्लिक स्कूल पीलीभीत


अब्दुल्ला खान- 96.20% लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत


गुलवरग - 96.2 % सेंट एलायिस कॉलेज पीलीभीत


श्रेयासी वर्मा 96% लिटिल एंजिल्स स्कूल पीलीभीत

### घरेलू विवाद में विवाहिता को घर से निकाला

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव दिधौनी निवासी रेशम वती पुत्री सूरजपाल शाक्य ने बताया उसकी शादी तीन वर्ष पहले थाना मुजरिया के गांव लहरा अस्दुल्लापुर के युवक से हुई थी। ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। एक वर्ष पहले उसे घर से निकाल दिया।

# जिला टॉपर आकर्ष बोले- खुद की बनाएंगे कंपनी, लोगों को देंगे रोजगार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

● बेनहर कॉलेज से 98.8 फीसदी अंक पाकर उत्तीर्ण की 12वीं क्लास


जिला टॉप करने वाले आकर्ष अग्रवाल को मिठाई खिलाते परिजन।

**अमृत विचार :** कहते हैं मेहनत इतनी खामोशी से करो की सफलता शोर मचा दें, इसे साबित किया है बेनहर पब्लिक स्कूल के छात्र आकर्ष अग्रवाल ने। जिन्होंने 12वीं में 98.8 फीसदी अंक पाकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने परिवार और स्कूलों के शिक्षकों को दिया है।

उनका कहना है कि परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए पूरी लग्न के साथ पढ़ाई करना चाहिए। चाहे फिर आप दो घंटे पढ़े या 10 घंटे। शेड्यूल तैयार कर चलेंगे तो सफलता जरुर मिलेगी। आकर्ष का सपना है कि वह एक अच्छे बिजनेसमैन बनें। ताकि खुद की एक कंपनी तैयार कर लोगों को रोजगार मुहैया करा सकें। इसके लिए उन्होंने अपने लक्ष्य पर फोकस बनाया हुआ है। शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के रहने वाले रचित अग्रवाल के बेटे आकर्ष अग्रवाल की मां रेनू अग्रवाल गृहणी हैं। वह पढ़ाई में उनकी मदद करती हैं। आकर्ष ने बताया कि उन्हें कॉमर्स में 98, बिजनेस में 99, मैथ में 99, अंग्रेजी में 99 और अर्थशास्त्र में भी 99 अंक मिले हैं। बेटे की इस कामयाबी पर परिवार में उत्साह रहा। उनकी बहन कीर्ति अग्रवाल भी जिला टॉपर रह चुकी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर वह प्रेशर में नहीं आए। सिर्फ स्कूल में जो पढ़ाया जाता था, उसका घर जाकर रिवीजन करते थे। दिन भर में तीन से चार घंटे पढ़ाई करते थे। अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार के लोगों को दिया।उनका सपना है कि वह अपने पापा की तरह एक अच्छे बिजनेसमैन बनेंगे। जिसको लेकर वह उस फील्ड में तैयारी कर रहे हैं। इधर, बेटे की कामयाबी पर परिवार वालों ने उन्हें मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।

## दो भांजों को जबरन ले गए मामा, पिता ने दी तहरीर

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया से रविवार की रात दो भांजे को उसका मामा जबरन अपने साथ ले गए। जिसके बाद बच्चों के पीड़ित पिता ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

गांव निवासी संतोष शाक्य पुत्र हेम सिंह ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी शादी 2005 में क्षेत्र के गांव सिरासौल जसा पट्टी निवासी रामचंद्र की पुत्री विमला से हुई थी। पिछले छह माह पहले उसकी विमला से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तब से विमला अपने मायके में रह रही है। उसके दो पुत्र हैं। जो अपने पिता के साथ रहते हैं। रविवार की रात वह खेत पर था। इसी दौरान उनके दो साले आए और पुत्रों को जबरन ले गए। संतोष ने दोनों पुत्रों दिलाने की मांग की है।

# विज्ञान में लिटिल एंजेल्स के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


लिटिल एंजेल्स स्कूल परीक्षा फल देखने के बाद हर्ष जताते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लिटिल एंजेल्स स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में विज्ञान वर्ग में परचम लहराया। सोमवार को परीक्षा फल घोषित होते ही परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए।

12 वीं में विज्ञान वर्ग में भानु प्रताप सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रद्धेय कश्यप ने 95.8 प्रतिशत, मोहम्मद जब्बाद यासीन खान 94.2, लवीवा फातिमा 92, अभिनव चावला ने 91.6 अंक प्राप्त किए। प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक ,उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने छात्र-छात्राओं को सफलता पर बधाई दी। 10 वीं में कुल 138 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 49 परीक्षार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, तीन विद्यार्थियों नें दो-दो विषयों में 100-100 अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 में उज्जवल शर्मा 99, विवेक अनंत 98.6, अनुष्का सिंह 97.2, अच्युत बाजपेई 97.2, हर्निया अफजल 96.8, अनिका वार्ष्णेय 96.4 ,अब्दुल्ला खान 96.2, श्रेयसी वर्मा 96, सौम्या वाल 96, वंशिका गुप्ता 95.6, श्याम खंडेलवाल 95.6, अथर्व मिश्रा 95.2, सौंदर्या श्रवण 95.20, नैतिक जायसवाल ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

# पुलिस के कार्रवाई न करने पर गांव छोड़ गया परिवार



ट्राली में सामान लदवाते गांव हुसैनपुर निवासी जयपाल। ● अमृत विचार

**संवाददाता, कछला**

● गांव हुसैनपुर में दो परिवार एक दूसरे पर लगा रहे आरोप, पुलिस के अनुसार नहीं किया पलायन

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव का अजीब मामला सामने आया है। तंत्र विद्या और झाड़फूंक के अंधविश्वास में आकर दो पक्षों में विवाद हुआ। यह विवाद चार से है। अक्सर ही गाली-गलौज और मारपीट होती है। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर झाड़फूंक करने का आरोप लगा रहे हैं। एक पक्ष का आरोप है कि झाड़फूंक के चलते उनके परिवार के एक युवक की मौत हो चुकी है। बार-बार विवाद के चलते एक परिवार ने गांव से पलायन कर दिया है। परिवार के लोग सोमवार सुबह ट्राली में सामान लादकर गांव छोड़कर चले गए।

गांव हुसैनपुर निवासी जयपाल पुत्र बाबूलाल का आरोप है कि वह आठ मई को शौच के लिए अपने घर के बाहर खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला परिवार आया और उनकी पिटाई लगा दी। वह चोटिल हो गए थे। उन्होंने कछला पुलिस चौकी में तहरीर दी। बताया कि आरोपी भी पहले उनकी साथ मारपीट कर चुके हैं। खेत पर जाते समय रास्ता रोकते हैं। लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। कुछ दिन पहले दूसरे पक्ष ने गांव छोड़कर न जाने पर जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी वजह से वह गांव छोड़ने को मजबूर हैं। उनके अलावा उनकी पत्नी गुड्डो देवी भी पुलिस को दो बार तहरीर दे चुकी हैं। आरोप लगाया कि पड़ोसी के तंत्र विद्या करने की वजह से उनका 18 साल का बेटा बीमार हो गया था। जिसकी डेढ़ महीने पहले उसकी मौत हो गई।

सोमवार को जयपाल ने ट्राली में अपने घर का सामान लादा। अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गांव से चले गए। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि जयपाल झाड़फूंक करते हैं। जिससे लगभग तीन साल पहले उनके परिवार के युवक की मौत हो गई थी। जयपाल आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। कछला चौकी इंचार्ज हरवीर ने बताया कि दोनों पक्ष आए दिन झगड़ा करते हैं और शिकायत करते हैं। दोनों पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। तंत्र विद्या का कोई मामला नहीं है।

